<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं निगरानी कक्ष का उद्घाटन</u>

पन्तनगर। 30 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में सुरक्षा विभाग भवन का जीर्णोद्धार तथा परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं निगरानी कक्ष का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सुरक्षा विभाग एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में लगाये गये इन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परिसर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी और असमाजिक तत्वों को नियंत्रित किया जा सकेगा।

निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण श्री बी.एस. चलाल (पीसीएस) ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में असामाजिक एवं अप्रिय घटनाएं न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में 90 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है, जिससे विश्वविद्यालय परिसर में अप्रिय घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। सुरक्षा अधिकारी डा. जी.एस. बोहरा ने बताया कि परिसरवासियों की सुरक्षा, परिसर में चोरी न हो एवं लोगों के जान–माल की सुरक्षा के लिए इन सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं निगरानी कक्ष का निर्माण कराया गया है।

इस अवसर पर अपर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, डा. विवेकानन्द, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, सहायक सुरक्षा अधिकारी श्री रविन्द्र मिश्रा, श्री मदन सिंह मेहरा, श्री धर्मपाल यादव, सहायक सतर्कता अधिकारी श्री प्रकाश जोशी एवं अन्य अधिकारी एवं सुरक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं निगरानी कक्ष का उद्घाटन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार